भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1393

(दिनांक 31.07.2024 को उत्तर देने के लिए)

दूरदर्शन केन्द्र, पटना

1393. श्री सुदामा प्रसादः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दूरदर्शन केन्द्र, पटना (डीडीके पटना) ने 2019-20 में बिना ई-निविदा के उपकरण बेचे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या महामारी के दौरान किसी कामगार को हटाने और इस परिपाटी कि एजेंसियां बदल सकती हैं लेकिन कामगार को नहीं बदला जा सकता है, के विरुद्ध, सरकारी निदेश के बावजूद कामगार उपलब्ध करने वाली एजेंसी को बदलकर महामारी के दौरान दूरदर्शन केन्द्र, पटना के नैमितिक कर्मचारियों को हटा दिया गया था;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या दूरदर्शन केन्द्र, पटना में गैर-जरूरी निर्माण कार्य सीपीडब्ल्यूडी द्वारा नहीं बल्कि निजी ठेकेदारों द्वारा किए गए थे; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) और (ख): दूरदर्शन केंद्र, पटना द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान कोई उपकरण नहीं बेचा गया।

(ग) और (घ): जी, नहीं।

(ङ) और (च): जी, नहीं।

*****